छठ को लेकर बलरामपुर नपं प्रशासन अलर्ट कार्यपालक पदाधिकारी ने किया घाटों का निरीक्षण

बारसोई (कटिहार)। लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नगर पंचायत बलरामपुर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी एनायतुल्लाह राफ़े ने नगर क्षेत्र के प्रमुख छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी ने मुख्य रूप से दुर्गा मंदिर घाट, परिताल घाट और शिव मंदिर घाट पर चल रही तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने घाटों की साफ-सफाई, गहरे पानी में बैरिकेडिंग, प्रकाश (लाइटिंग) व्यवस्था, चेंजिंग रूम और पहुंच पथों की स्थिति की समीक्षा की। मौके पर मौजूद नगर पंचायत के कर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि महापर्व के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य समय से पूर्व पूर्ण कर लिए जाएं।इस निरीक्षण अभियान के दौरान मुख्य पार्षद मो. आरिफ, स्वच्छता पदाधिकारी बिपिन कुमार, कनीय अभियंता नमित कुमार और अभियंता विकास कुमार सहित नगर पंचायत के अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने संयुक्त रूप से घाटों पर श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन और स्वच्छता बनाए रखने को लेकर आवश्यक रणनीति तैयार की।

एसडीएम एवं डीएसपी ने किया छठ घाटों की व्यवस्था का निरीक्षण नगर प्रशासन ने कसी कमर

बारसोई (कटिहार) आससे। एसडीएम राजू कुमार एवं डीएसपी मंगलेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से अनुमंडल क्षेत्र में महापर्व छठ को लेकर सख्त निर्देश जारी किए। महापर्व छठ को लेकर बारसोई नगर पंचायत प्रशासन ने युद्ध स्तर पर तैयारियों का जायजा लिया।नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार , मुख्य पार्षद प्रतिनिधि रिंकू सिंह,उप-मुख्य पार्षद प्रमोद कुमार साह,के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों की टीम ने नगर क्षेत्र के प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया। घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।निरीक्षण के दौरान बारसोई के सबसे बड़े एवं सद्भावना मैदान छठ घाट एवं मौलाना पुर छठ घाट,का विशेष रूप से जायजा लिया गया। अधिकारियों ने निर्देश छठ पूजा से पहले सभी घाटों की समुचित सफाई, पर्याप्त रोशनी, श्रद्धालुओं के आने-जाने के रास्ते तथा सुरक्षा के इंतजाम दुरुस्त कर लिए जाएं, ताकि व्रतियों को अर्घ्य अर्पित करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इस मौके पर मुख्य वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विनोद मंडल पत्रकार विजय भारती, वार्ड पार्षद धर्मेंद्र सिंह, रोहित भगत, राजेश पासवा दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

छठ घाटों का विधायक ने लिया तैयारियों का जायजा

किशनगंज (आससे)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर ठाकुरगंज के



विधायक गोपाल कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों एवं पूजा स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर चल रही तैयारियों का जायजा लेते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने घाटों की साफ-सफाई, पहुंच पथ की स्थिति, रोशनी, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि छठ महापर्व में बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाटों पर पहुंचते हैं। ऐसे में उनकी सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। घाटों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें।

विधायक ने कहा कि छठ महापर्व हमारी आस्था, पवित्रता, अनुशासन और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। इस पर्व में व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जाने चाहिए। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी व्यवस्था को बेहतर बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की। इस अवसर पर विधायक गोपाल कुमार अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। निरीक्षण के दौरान पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मियों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए आवेदन शुरू

किशनगंज (आससे)। जिले की पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग की छात्राओं के लिए आवासीय शिक्षा का बेहतर अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, महेशबथना, किशनगंज में नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए पात्र छात्राओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 5 नवंबर 2026 से शुरू हो चुकी है, जो 29 नवंबर 2026 तक चलेगी। इच्छुक एवं निर्धारित पात्रता पूरी करने वाली छात्राएं इस अवधि में ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। विभाग ने पात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए समय पर आवेदन करने की अपील की है, ताकि नामांकन के इस अवसर का लाभ उठाने से कोई भी योग्य छात्रा वंचित न रह जाए।

पूर्व डिप्टी सीएम ने अग्निपीड़ितों को सहायता राशि प्रदान की

कटिहार। पूर्व उप मुख्यमंत्री, बिहार तारकिशोर प्रसाद ने कटिहार प्रखंड अंतर्गत सिरनिया पूरब पंचायत की वार्ड संख्या-15 में किरण कुमारी पति विजय कुमार भगत तथा चुलाही भगत पिता स्वर्गीय दिग्गन भगत के 22 अक्टूबर 2026 को तथा मनिया गांव में 25 अक्टूबर 2026 को हुई अगलगी में श्रवण कुमार मंडल



पिता कमल देव मंडल एवं रिंकी देवी पति कन्हैया कुमार मंडल कुल चार परिवारों के घर पूरी तरह जल जाने एवं उससे हुई क्षति के एवज में अग्निकांड सहाय्य राशि के रूप में प्रत्येक परिवार को बारह-बारह हजार रुपए का चेक अंचल पदाधिकारी कटिहार के कार्यालय में दिया। इस अवसर पर अंचल पदाधिकारी सोनू कुमार भगत,राजस्व अधिकारी सुनील कुमार एवं राजस्व कर्मचारी विजय कुमार सिंह के साथ ही पीड़ित परिवारों के परिजन एवं एनडीए नेता उपस्थित थे।

डॉ. ध्रुव कुमार की कलाकृति अमृतसर की राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में चयनित

पूर्णिया (आससे)। पंजाब के अमृतसर स्थित सुप्रसिद्ध द इंडियन अकेडमी ऑफ फाइन आर्ट्स आर्ट गैलरी में 91वीं ऑल इंडिया एग्जीबिशन ऑफ आर्ट्स 2026 का आयोजन 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक होने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ग्रुप कला प्रदर्शनी में देश के कई जाने-माने कलाकारों की चित्रकृतियों का चयन किया गया है, जिसमें बिहार के पूर्णिया जिले स्थित मिल्झिया फखरुद्दीन अली अहमद बी.एड. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के ललित कला विभाग के सहायक प्राध्यापक एवं चित्रकार डॉ. ध्रुव कुमार की कलाकृति भी शामिल है।२

इस राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का उद्घाटन पद्मश्री पुरस्कार विजेता और एआइफैक्स के अध्यक्ष प्रोफेसर बिमान बिहारी दास के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। चित्रकार डॉ. ध्रुव कुमार एक युवा और प्रतिभावान कलाकार हैं, जिन्होंने कला एवं शिल्प महाविद्यालय, पटना से पेंटिंग में बी.एफ.ए. और डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र से पेंटिंग में एम.एफ.ए. की डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने कुछ वर्षों तक बिहार के सुप्रसिद्ध आवासीय विद्यालय विद्या विहार में ललित कला शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं और वर्तमान में पिछले दस वर्षों से पूर्णिया स्थित मिल्झिया फखरुद्दीन अली अहमद बी.एड. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में ललित कला के सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत हैं।

फलक ऑनलाइन क्लासेज एवं सक्सेस कोचिंग सेंटर का भव्य शुभारंभ

कदवा (कटिहार) आससे। कदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत भोगांव पंचायत के बौरा गांव में फलक ऑनलाइन क्लासेज एवं सक्सेस कोचिंग सेंटर का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूबेदार श्यामानन्द सिंह (सेवानिवृत्त भारतीय सेना) ने फीता काटकर संस्थान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कटिहार जिला बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के कटिहार जिला अध्यक्ष मो .तमीजुद्दीन एवं समाजसेवी शमीम अख्तर विशेष रूप से उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फलक ऑनलाइन क्लासेज एवं सक्सेस कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर ए.आर. रकीब ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर मार्गदर्शन और आधुनिक तकनीक के माध्यम से पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि गांव के बच्चों को भी शहरों जैसी शैक्षणिक सुविधाएं मिलनी चाहिए ताकि वे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपना और अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें।

समाहरणालय, अररिया
(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
अल्पकालीन निविदा संख्या– 01/2026

सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत संचालित वस्त्र वितरण कार्यक्रम (वित्तीय वर्ष 2026–27) के तहत जिले के अपंग, भूमिहीन, निर्धन एवं भिक्षुकों के बीच वितरण हेतु ऊनी कम्बल क्रय किया जाना है। ऊनी कम्बल की न्यूनतम लम्बाई एवं चौड़ाई 8 फीट X 5 फीट तथा न्यूनतम वजन 2.4 कि0ग्रा0 का होना चाहिए। अतः सरकार, अर्द्ध सरकारी अथवा प्राईवेट प्रतिष्ठित आपूर्तिकर्त्ताओं से कम्बल की आपूर्ति हेतु मुहरबंद तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दिनांक 26.11.2026 को समय 11.00 बजे पूर्वाहण तक आमंत्रित की जाती है। तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहर बन्द लिफाफे में प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिनांक **26.11.2026 को 03.00 बजे** अपराहन में निविदा समिति के अध्यक्ष अपर समाहर्त्ता–सह–जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में तकनीकी निविदा खोली जायेगी। तकनीकी निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वंय अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि (एक व्यक्ति के द्वारा किसी भी एक एजेन्सी का ही प्रतिनिधित्व किया जायेगा, एक से अधिक एजेन्सी के प्रतिनिधित्व की स्थिति में उनके द्वारा दिये गये सभी निविदा को रद्द कर दिया जायेगा) को ऊनी कम्बल का एक नमूना के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इस निविदा के संबंध में पूरी जानकारी जिले के वेबसाईट **http://araria.nic.in** से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के लिए निम्नांकित शर्तें निर्धारित की जाती हैं:–

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 015428 (Welfare) 2026-27 जिला पदाधिकारी, अररिया

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाये रखना मेरा पहला धर्म : कृष्ण कुमार ऋषि

सांस्कृतिक विरासत के विकास के लिए अभी अनेक कार्य करना बाकी : विधायक

बनमनखी पूर्णिया (आससे)। बनमनखी प्रखंड की हरिमुढ़ी पंचायत अंतर्गत रसाढ़ गांव स्थित ऐतिहासिक काली मंदिर परिसर में आयोजित चार दिवसीय राजकीय काली पूजा महोत्सव के अवसर पर मंगलवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक सह सचेतक कृष्ण कुमार ऋषि ने दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक कृष्ण कुमार ऋषि ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखना उनका पहला धर्म है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं को संरक्षित और विकसित करने के लिए अभी अनेक कार्य किए जाने बाकी हैं। मां काली की असीम कृपा से क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि बनी हुई है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में राजकीय दर्जा प्राप्त महोत्सवों को और अधिक भव्य एवं व्यापक बनाया जाएगा।

कार्यक्रम में जानी-मानी गायिका अमृता दीक्षित एवं गायक विक्की तिवारी की भक्ति और हिंदी गीतों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं कॉमेडियन राज सोनी ने अपनी हास्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को खूब हंसाया। हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि बनमनखी में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक वातावरण की समृद्ध परंपरा रही है। यहां के लोग अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और संवारने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। यह आयोजन सरकार के सहयोग तथा स्थानीय लोगों की सहभागिता से



सफल होता है। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शैलेश प्रीतम ने मेले की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के साथ पर्याप्त संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

इस अवसर पर विधायक ने मेला कमेटी के अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा, पंचायत के मुखिया बसंत उरांव सहित आयोजन में सहयोग करने वाले लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं मंच पर अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने विधायक श्री ऋषि को मोमेंटो अंग वस्त्र पुष्पगुच्छ एवं माला पहनकर स्वागत किया, तथा उपस्थित पदाधिकारियों का भी मोमेंटो, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शैलेश प्रीतम, भूमि सुधार उप समाहर्ता सुजीत सुमन, बीडीओ अशोक कुमार, सीओ प्रभास कुमार, राजस्व अधिकारी बालकृष्ण भारद्वाज सहित मेला कमेटी के सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। दूसरे दिन अमित उपाध्याय, अदिति राज सहित अन्य कलाकारों की प्रस्तुति प्रस्तावित रही। मंच संचालन अधिवक्ता अमितेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में नवनीत सिंह, संतोष चौरसिया, मंटू दास, दिलीप झा, सुरेंद्र सुमन, रमन महतो, अमित गोस्वामी, विशाल कुमार सहित हजारों लोग मौजूद थे।

Office of the Principal
Sitamarhi Institute of Technology, Sitamarhi
Govt. of Bihar
Mail ID.- principal@sitsitamarhi.ac.in

NOTICE No. SIT/156/2026-27
NATs APPRENTISHIP VACANCY ANNOUNCEMENT

Sitamarhi Institute of Technology, Sitamarhi announces vacancies for National Apprenticeship Training Scheme (NATs) Trainees for 2026-27 session in the following departments:-

Sl. No.	Branch	Qualification	No. of Vacancy	Stipend amount per month (in rs.)	
01	Civil Engg./Mechanical Engg./Electrical Engg./Computer Sc. & Engg.	Diploma	03	10000.00	As per DSTTE Guidelines

Walk-in-Interview
Interested Candidates need to appear in the walk-in-Interview on 27-11-2026 (Friday).
Reporting Time: - 11:00 AM
Venue: - Faculty Lounge, Sitamarhi Institute of Technology, Sitamarhi, Gosainpur, Rasulpur-Dumra, Sitamarhi. Contact Person: - Mr. Upendra Kumar (Mob. No 9835577623.
Note:-
1. It is Mandatory for the candidates to have valid NATs-2.0 Student ID.
2. Candidates already undergoing or have Undergone Apprenticeship Training are not eligible to attend this interview.
3. Candidates are supposed to come with their CV. One set of photocopies of all Academic as well as reservation certificate (if applicable) along with valid ID proof and all original documents for verification.
4. Candidates must pass out Diploma in last 05 (five) years.
5. Selected candidate will be paid stipend for one year, as per rule under section 8(1) of the Apprentice's act 1961 as amended in 1973, 1986 and 2014 DSTTE, Patna guideline.
6. The reservation policy is given as per Bihar Govt. rule.
7. There is no provision of TA/DA will be paid for attending the interview. Visit website: - www.sitsitamarhi.ac.in for any kind of further information.

Principal
S.I.T., Sitamarhi

PR- 015395 (Science & Tech.) 2026-27
For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिजली ऑफिस के सिपाही शिवनंद राय की इलाज के दौरान मौत

बनमनखी पूर्णिया (आससे)। मिली जानकारी के अनुसार बिजली ऑफिस बनमनखी में सिपाही के रूप में कार्यरत शिवनंद राय उम्र करीब 47 वर्ष पिता बेचन राय बनमनखी नगर परिषद मवेशी हाट वार्ड नंबर 13 के निवासी



थे ये सिपाही के तौर पर गृह रक्षक में कार्यरत थे और ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ जाने से बनमनखी अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई जिस एवज में बनमनखी थाना के स ढ्ढ सुशील कुमार की निगरानी में थाना अध्यक्ष बनमनखी विजय कुमार यादवेंदु के नेतृत्व में मृतक शिवनंद राय के शरीर को सभी कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टपार्टम हेतु पूर्णिया भेज दिया गया वही इस घटना को लेकर परिजनों में दुखों का पहाड़ टूट गया।

श्रीश्री 108 मां काली पूजा पर सांस्कृतिक मंच का उद्घाटन

बनमनखी पूर्णिया (आससे)। बनमनखी जानकीनगर रामनगर में श्री श्री 108 माँ काली पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक मंच का विधिवत उद्घाटन । साथ ही साथ मेला कमिटी की ओर से सभी मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। आज अपने क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रामनगर में श्री श्री 108 माँ काली पूजा के पावन अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक मंच का विधिवत उद्घाटन नगर पंचायत जानकीनगर के पूर्व मुखिया सह व्यापार मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद यादव, मुख्य पार्षद रमेश पासवान, कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष संजीव कुमार, पूर्व बनमनखी विधानसभा प्रत्याशी संजीव कुमार उर्फ सोना पासवान कुमार मनोज भूषण सेवा निवृत्त शिक्षक, मेला अध्यक्ष गौरी शंकर सिंह,के द्वारा किया गया।

इस शुभ अवसर पर उपमुख्य पार्षद सुनील रजक , पार्षद संतोष मंडल जी, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश राम, इस अवसर पर मेला कमेटी के अध्यक्ष मनोज प्रभाकर , गोरी शंकर सिंह , कोषाध्यक्ष मनोहर झा , अमीत कुमार उर्फ पिंटू ठाकुर,



उपाध्यक्ष शेखर झा एवं आशुतोष कुंवर एवं सेवायत राहुल फौजी एवं तमाम जनप्रतिनिधिगण सहित अनेक गणमान्यजन एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। माँ काली से सभी के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए सहित तमाम जनप्रतिनिधिगण, गणमान्यजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। इस पावन अवसर पर माँ काली से समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

माँ काली की कृपा हम सभी पर सदैव बनी रहे। अंतिम दिन झांकी जागरण बहुत ही धुमधाम से हुआ। विशेष कर मेला पर बनमनखी विधानसभा के विधायक कृष्ण कुमार ऋषि जी पहुंचे और मां काली मंदिर में जाकर पुजा अर्चना किये। जागरण देखने वालों के लिए विशेष कर बोले कि शांतिपूर्ण ढंग से सभी गनमान्य व्यक्ति बच्चे साथियों जागरण का आनंद लें और माता रानी के दरबार में कोई भी खाली हाथ नहीं लौटते हैं माता रानी का आशीर्वाद सदा क्षेत्र वासियों पर बना रहे हैं हम सब चाहते हैं माता रानी के चरणों में हम सब समर्पित हैं हम सब पर आशीर्वाद बना रहे हैं।

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल, मुजफ्फरपुर
अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण
सूचना सं0–20 वर्ष 2026–2027
(Single Bid System)

Sl. No.	Name of Work.	Estimated cost (In Rs.)	Bid Security 2% (EMD In Rs.)	Cost of Bidding Document (In Rs.)	Bid Processing Fee	Time of Completion (In Month)
1	2	3	4	5	6	7
1.	Estimate for Renovation of E.W & E.I in Boys Hostel-1(Babu Jagjivan Ram Hostel), G+1 of Dr. Bhimrao Ambedkar Residential+2 High School Raghopur Bakhari, Distt-Sitamarhi.	2130365.00	43000.00	5000.00	As per Online requirement	30 Day

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल, मुजफ्फरपुर भवन निर्माण विभाग।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि :– दि0–10.11.2026
3. निविदा कागजात प्राप्त करने का (डाउनलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :– दि0–26.11.2026 से 10.12.2026 को 15.00बजे अपराहन तक
4. निविदा जमा करने (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :– दि0–11.12.2026 को 15.00 बजे अपराहन तक
5. हार्ड कॉपी (मूल में) जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दि0–12.12.2026 को 15.00 बजे अपराहन तक
6. ई–निविदा की खोलने की तिथि एवं समय :– दि0–14.12.2026 को 15.00 बजे अपराहन तक
7. परिमाण विपत्र बिक्री स्थान :– केवल वेवसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in)
8. निविदा प्राप्ति का स्थान :– केवल वेवसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in)
9. निविदा वैधता की अवधि :– 120 दिन

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

(बलवीर चन्द्र भारती) विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत भवन प्रमंडल, मुजफ्फरपुर, भवन निर्माण विभाग

PR- 015385 (BCD) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

स्व. उमेश यादव की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा

बारसोई (कटिहार) आससे। पूर्व विधायक प्रतिनिधि स्वर्गीय उमेश यादव की स्मृति में शुक्रवार को बारसोई अनुमंडल क्षेत्र के बारसोई स्टेशन स्थित उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सीमा उमेश यादव के निजी आवास पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि दी सभा के दौरान उपस्थित जनसमूह ने एक स्वर में उमेश जी, तेरे अरमानों को मंजिल तक हम पहुंचाएंगे का नारा बुलंद करते हुए उनके अधूरे सपनों को पूरा करने और उनके सामाजिक कार्यों व यादों को सदैव जीवित रखने का संकल्प लिया। लोगों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने स्व. उमेश यादव को एक नेकदिल, मिलनसार और समाज के प्रति समर्पित व्यक्तित्व बताया। उन्होंने कहा कि समाज के हित में किए गए उनके कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। साथ ही, लोगों ने उनकी पत्नी सीमा उमेश



यादव के साहस की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि वे अपने पति की जनसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाती रहेंगी। गौरतलब है कि उमेश यादव के निधन के बाद से ही उनकी धर्मपत्नी लगातार उनकी याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करती आ रही हैं। श्रद्धांजलि सभा में निवर्तमान विधायक कॉमरेड महबूब आलम, उप मुख्य पार्षद प्रमोद साह, पूर्व जिला परिषद रुस्तम अली, अधिवक्ता संजय सिंह, अधिवक्ता मंसूर साहब, पूर्व आई.डब्लू रेलवे शिव कुमार यादव, काजिम इरफ़ानी, सरवन यादव, लालू यादव, तपन साह, मुरली सिंह, मोनू यादव, मो. आशिक, हासिब, शमशाद, रिजवान, सोनू यादव, मुकुल साह, मोनी, अभिषेक, उमेश रविदास, कुंदन, सौरभ सिंह, मेराजुल, कॉमरेड फरजूल, डब्लू यादव, आकाश यादव, उदय यादव, भोला, गोपी, कुणाल, करण और आलोक सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए।